तेरे चरणों में मुझको मिला आसरा

श्याम, मेरे श्याम, मेरे श्याम,
तेरे चरणों में मुझको मिला आसरा,
पाई सारी ख़ुशी और सारा जहाँ,
सब है तेरी कृपा सब है तेरी कृपा,
तेरे चरणों में मुझको मिला आसरा,
पाई सारी ख़ुशी और सारा जहाँ।
सब है तेरी कृपा सब है तेरी कृपा.......

दुःख के दिन कट गए पूरे सपने हुए,
अब पराये भी अपने से लगने लगे.....-2
फूल ही फूल राहों में अब खिल गया,
माँगने से भी ज़्यादा मुझे मिल गया,
सब है तेरी कृपा, सब है तेरी कृपा,
तेरे चरणों में मुझको मिला आसरा,
पाई सारी ख़ुशी और सारा जहाँ।
सब है तेरी कृपा सब है तेरी कृपा.......

तू ना मिलता अगर तो मैं जाती किधर,
तुझको पाके मुझे मेरी मंज़िल मिली.....-2
तेरे भजनों को अब श्याम जाती रहूँ,
तेरी महिमा में सबको सुनाती रहूँ,
सब है तेरी कृपा, सब है तेरी कृपा,
तेरे चरणों में मुझको मिला आसरा,
पाई सारी ख़ुशी और सारा जहाँ।
सब है तेरी कृपा सब है तेरी कृपा.......

ओ मेरे सांवरे इतनी कर दे कृपा,
तेरे चरणों में बीते ये जीवन मेरा...-2
अपने चरणों में सोनी को दे दे जगह,
हम हैं बच्चे तेरे तू हमारा पिता,
सब है तेरी कृपा, सब है तेरी कृपा,
तेरे चरणों में मुझको मिला आसरा,
पाई सारी ख़ुशी और सारा जहाँ।
सब है तेरी कृपा सब है तेरी कृपा.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23224/title/tere-charno-me-mujhko-mila-aasra

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |